तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से जिले के दो श्रमिक...



12 परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मिले...



## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में लगा आनंद मेला

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्था की प्राचार्य कविता बाजपेयी ने छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्राओं द्वारा निर्मित विभिन्न व्यंजनों को देखकर तथा उनके स्वाद को जानकर अभिभूत हूँ। निस्संदेह उत्कृष्ट पाक कला द्वारा भी बच्चे अपना कैरियर निर्माण कर सकते हैं। आनंद मेला प्रभारी सपना तिवारी एवं व्याख्याता सावित्री शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उक्त आनंद मेला मे संस्था की कक्षा 9 वीं से 12 वीं की छात्राओं ने भजिया, भेल, इडली, गुपचुप, मोमोस, पोहा, दूध फरा, अप्पे, पनीर पकौड़े आदि स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल लगाए। संस्था एवं अन्य संस्थाओं के शिक्षकों एवं छात्राओं ने उक्त स्टाल से सामग्री खरीद कर आनंद लिया। सभी ने छात्राओं की प्रशंसा की।

### नवधा रामायण से पहले निकल रही प्रभातफेरी



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय कोबिया वार्ड की श्रीराम सेवा समिति नवधा रामायण कराने के पूर्व पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए समिति के सदस्य रोज सुबह 5 बजे वार्ड मे प्रभातफेरी निकाल कर आम जनों को आमंत्रित कर रहे हैं। प्रभातफेरी के दौरान प्रभु श्री राम का फोटो रख कर ढोल मंजिरो के धुन के साथ श्री राम की महिमा का गुन गान करते हैं। वार्ड वासी नारियल, चावल भेट करते हैं। समिति संयोजक कमलेश वर्मा ने बताया की यह पूर्वजों की पुरानी परम्परा है, जिसे जय जय श्री राम सेवा समिति के सदस्य पूरी लगन से निभा रहे हैं। शनिवार की प्रभातफेरी में नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू भी शामिल हुए। फेरी में समिति संयोजक कमलेश वर्मा,अध्यक्ष राजा वर्मा,उपाध्यक्ष सुखेन वर्मा,ललित यादव, शिव प्रताप वर्मा,तकेश्वर वर्मा, देवनाथ पाल,संतोष वर्मा,गोविन्द पाल, परमेश्वर वर्मा, जय भोले,शिवा यादव,नरेंद्र वर्मा, उत्तम वर्मा डोमन पाल उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ढोलिया व पंडर्भट्ठा पहुंचेगी आज

**बेमेतरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 14 जनवरी को ज़िले ग्राम पंचायत ढोलिया व पंडर्भट्ठा में पहुंचेगी। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को जानकारी दी जाएगी। ग्राम पंचायत ढोलिया में 10.30 बजे से व पंडर्भट्ठा में 2.30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का स्वागत किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

### प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव में 22 को आयोजित होंगे भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बेमेतरा।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार चिप्स के सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल बैठक में सभी कलेक्टरों क़ो 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्यभर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किए जाने की बात कही। उक्त आयोजन जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर शेष पेज 10 पर

# विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन होता है गौरव का क्षण

## ग्राम जेवरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में बेमेतरा विधायक बतौर अतिथि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बच्चों ने धार्मिक व देशभक्ति के गीतों पर दी रंगारंग प्रस्तुति

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव के आयोजन में विधायक दीपेश साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने धार्मिक व देशभक्ति के गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी होती है। यहां विद्यार्थियों न केवल शिक्षित होता है, बल्कि संस्कारवान भी बनता है। वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन न केवल स्कूल की वार्षिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का मंच है, बल्कि प्रतिभाशाली बच्चों के हुनर को निखारने का भी मंच है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिंहा विकास तंबोली, गौरव साहू, जेवरी सरपंच समेत बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक, स्कूल स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे।



### ईमानदारी व निष्ठा के साथ भविष्य निर्माण की दिशा में आगे बढ़े विद्यार्थी

विधायक श्री साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन गौरव का क्षण होता है। साल भर की गतिविधियों, शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति सहित अन्य प्रतियोगिताओ में अच्छा प्रर्दशन करने का उत्सव है। इस दिन उत्कृष्ठ छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी करते हैं। छात्र-छात्राओं को लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ भविष्य निर्माण में आगे बढ़ना चाहिए। निश्चित रूप से पहले समय की शिक्षा व्यवस्था और आज की शिक्षा व्यवस्था में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। आज समाज टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि हम अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करें और उन्हें शिक्षा के लिए अवसर उपलब्ध कराएं।

## आयोजन : स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मिलेट मेला

# उठो जागो और अपनी शक्ति को पहचानों की थीम पर मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ खाद्य पदार्थों के मानकीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया

स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को मिलेट तथा उनके फायदे के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट मेले का आयोजन किया गया। मेले की थीम बी यूथफुल विथ मिलेट्स रखी गई।

युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में देश के युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाजों से बने पकवानों के प्रयोग करने पर बल दिया गया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इस संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए विद्यालय में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाजों से बने पकवान को जैसे बाजरे का दोसा, कोदो एवं बाजरे के पुलाव, दलिया, पराठा, ज्वार की चॉकलेट ब्राउनी, ब्रेड, खीर इत्यादि पकवान बनाकर उनकी विशेषताओं को बताया गया कि, हमें पश्चिमी खानपान को छोड़कर शुद्ध अनाजों से बनी चीजों का सेवन करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रह सके। मोटे अनाज व आम उपयोग वाले अनाज का तुलनात्मक अध्ययन शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट के रूप में दर्शाया गया। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की शाखा के रूप में विद्यालय में स्थापित मानक क्लब के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक व खाद्य पदार्थ में मिलावट तथा खाद्य पदार्थों के मानकीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड केयर ऐप के विषय में जानकारी भी दी गई। विद्यालय प्राचार्य सुदेशा चैटर्जी ने भी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को युवा दिवस 2024 के थीम उठो, जागो और अपने पास मौजूद शक्ति को पहचानो अनुसार आयोजित कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी।



### फसलों के आगमन त्योहार को दर्शाया

लोहड़ी, मकर संक्रांति व पोंगल जैसी फसलों के त्यौहार के आगमन को भी हर्षोल्लास के साथ विद्यालय प्रांगण में दर्शाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को फूलों की रंगोली और पतंग से सजाया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना था।

### अतिथियों व पालकों ने बच्चों के बनाए व्यंजनों को चखा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, नीतू कोठारी पार्षद वार्ड 11, ममता साहू, शिक्षा विभाग से सुनील तिवारी खिरामन वर्मा, कमोद ठाकुर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों के द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया एवं उनके गुणों को जाना। पालकगण ने भी इस कार्यक्रम का आनंद लिया एवं पोषक मोटे अनाज के फायदे जाने।

### नेहरू युवा केंद्र ने मनाया युवा दिवस, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम, विशिष्ठ अतिथि सुश्री सरस्वती चौहान व मास्टर ट्रेनर एवं जिला सलाहकार एवं समिति अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती मां एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल द्वारा विवेकानंद के प्रेरणास्त्रोत विचारों के बारे में बताया। उनके विचारों को ग्रहण करने के लिए भी बोला गया। पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या ने भी छात्राओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आने को कहा। साथ ही साथ मास्टर ट्रेनर जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा भी युवाओं को लक्ष्य के प्रति अडिग रहने को कहा एवं राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की क्या भूमिका रही है बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा लता एवं उसकी टीम द्वारा कर्मा नृत्य एवं बीएससी प्रथम की छात्रा अर्पिता द्वारा भी सड़क सुरक्षा के बारे में गीत प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक दीनानाथ सारथी एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक सरस्वती चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. स्वाती चंद्रवंशी, डॉ. टिकेंद्र वर्मा, विवेक देवांगन, सौरभ साहू, अंकित कुमार सूरज कुमार सोनी, अशोक कुमार सोनी, डॉ विमलेश शुभम जैन, संगीता पटेल एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।



## धान खरीदी और उठाव प्रक्रिया में तेजी लाएं : मुख्य सचिव



**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर अब तक की गई धान खरीदी की प्रगति की जानकारी के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के समस्त संभाग आयुक्त और कलेक्टर की बैठक ली। बेमेतरा जिले से कलेक्टर रणबीर शर्मा कलेक्टरेट के वीसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

मुख्य सचिव ने धान उपार्जन केंद्रों से ही मिलर्स द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। श्री जैन ने किसानों की सुविधा और संतुष्टि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए हैं। धान खरीदी और कस्टम मिलिंग को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि खरीदी के साथ ही धान के उठाव की प्रक्रिया में भी तेजी लाना सुनिश्चित किया जाए। दूसरे राज्यों की सीमा से लगे हुए जिलों में अवैध धान के आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही कोचियों-बिचौलियों के माध्यम से भी धान के अवैध उपार्जन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही प्रत्येक खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन भी किया जाए। धान खरीदी प्रक्रिया के समाप्ति के दिन तक प्रत्येक केंद्र शेष पेज 10 पर

## सत्ता परिवर्तन के बाद भी नहीं रुक रहा है सट्टे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवा

■ विधायकों द्वारा समीक्षा बैठक लेकर कार्रवाई के दिए जा रहे निर्देश

विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के बाद भी सट्टे का कारोबार नहीं रुक रहा है। नवनिर्वाचित विधायकों द्वारा लगातार प्रशासनिक समीक्षा बैठक लेकर अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई के साथ पूर्णत प्रतिबंध लगाने के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस के पास अवैध कारोबारियों की पूरी लिस्ट है, इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही।

ग्राम कोदवा व क्षेत्र में पुलिस की नाक के नीचे आंखमिचौली करते सट्टा खाईवाल सक्रिय हैं। सट्टा खाई वालों की गतिविधि देख ऐसा लगता है कि मानो सट्टा पूर्णता बंद हो गया हो पर ऐसा नहीं है। आपको बता दें कि सट्टा खाईवाल इतने चतुर और शातिर हो चुके हैं कि सिर्फ सट्टा खेलने वाले लोगों को ही यह पता है की कहां पर सट्टा संचालित हो रहा है। लिखने और खाने वाला कौन है क्योंकि सट्टा खेल का संचालन अब अंडरग्राउंड कर दिया गया है। सट्टा लिखने वाले कुछ लोग चिन्हित जगहों पर नहीं अब घूम- घूम के फोन के माध्यम से लिख रहे हैं जो कि पुलिस की पकड़ से दूर है। क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक जीत के बाद जनता से मिलने जब गांव गांव जा रहे हैं तो शेष पेज 10 पर




## शोभायात्रा का विधायक ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोलेसरा में आयोजित चार दिवसीय संत समागम मेला के शुभारंभ पर निकाली गई शोभायात्रा का बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने शोभा यात्रा में शामिल कबीर पंथियों पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी कर स्वागत किया। बेमेतरा विधायक ने गुरु का आशीर्वाद लेने के साथ क्षेत्र वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस शोभायात्रा में हजारों शेष पेज 10 पर

## सार्वजनिक जगह में विवाद करने पर दो आरोपी पकड़ाए

### पुलिस ने की प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ लोलेसरा मेले में कर रहा था पॉकेटमारी

ग्राम लोलेसरा में चार दिवसीय संत समागम मेला चल रहा है। रात्रि में मेला कार्यक्रम पर बहुत भीड़ लगी हुई थी। उसी समय आरोपी बीरू सौरा उम्र 23 साल निवासी वार्ड नं. 14 बैरागपारा पण्डरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम भीड़ में धक्का-मुक्की कर पाकेटमारी, चोरी करने जैसा हरकत कर रहा था। उपस्थित लोगों द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा वहां पर उपस्थित सभी लोगों के साथ वाद-विवाद कर लड़ाई झगड़ा किया जाने लगा। आरोपी लोगों के साथ वाद-विवाद कर मारपीट करने पर उतारू हो गया था। जिसकी सूचना पुलिस स्टाफ को मिलने पर मौके पर पहुंच कर समझाईस दिया गया। लेकिन आरोपी उग्र होकर मारपीट पर उतारू हो गया था। जनाक्रोश और भीड़ को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर तत्काल धारा 151/107,116 (3) के तहत कार्रवाई किया गया। इसी तरह शुक्रवार को बेमेतरा पुलिस को रात्रि में सिंघौरी बेमेतरा में लडाई-झगड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस सिंघौरी पहुची, जहां आरोपी मनोज कुमार सौरा ने पुलिस को क्यों बुलाए हो बोलकर टीम के सामने आक्रोश में आकर मारपीट करने पर उतारू हो गया था। मौके पर पुलिस द्वारा आरोपी को समझाइस दी, फिर भी नही माना। अपराध घटित होने के अंदेशा एवं शांति, सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने हेतु उक्त आरोपी को गिरफ्तारी किया। आरोपी मनोज कुमार सौरा पिता राजकुमार सौरा उम्र 30 साल निवासी मोहभट्ठा थाना व जिला बेमेतरा पर धारा 151/107,116 शेष पेज 10 पर





### कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

# मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिशु कार्ड मंगाकर उससे संबंधित जानकारी ली

जिला अस्पताल में इलाज कराने व भर्ती मरीजों से कलेक्टर रणबीर शर्मा ने चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने डाक्टरों व स्टाफ से कहा कि अस्पताल में मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। दवा की उपलब्धता, जेनेरिक दवा आदि की भी जानकारी ली।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शनिवार जिला चिकित्सालय बेमेतरा का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम अस्पताल के पूछताछ केंद्र में आई हितग्राही से अस्पताल में प्रदाय स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ओपीडी कक्ष में उपस्थित सभी ड्यूटीरत डॉक्टर से चर्चा की गई एवं उपचार के लिए आए हुए मरीजों से भी अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीज को लिखे जाने वाली जेनेरिक दवाइयां एवं उनकी उपलब्धता, भारतीय जनऔषधि केंद्र में दवा उपलब्धता की जानकारी ली। दवाओं की उपलब्धता नियमित बनाए रखने एवं इसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने दवाई वितरण कक्ष के सामने लाइन में लगे हुए मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं के बारे में चर्चा की गई। ब्लड बैंक में दी जाने वाली सुविधाओं को जाना। ब्लड डोनेशन कैम्प एवं वर्तमान में उपलब्ध ब्लड यूनिट्स की जानकारी ली। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण कर प्रदायित सेवाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने महिला मरीज से बातचीत की और चिकित्सालय मे मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा के बारे मे पूछा। उन्होंने सभी चिकित्सीय स्टॉफ क़ो निर्देश दिया की मरीजों क़ो किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्हें सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने एसएनसीयू में प्रदाय सेवाओं को सतत बनाए रखने एवं आयुष्मान अंतर्गत कार्ड ब्लॉकिंग की दैनिक प्रगति तथा अस्पताल उन्नयन में आयुष्मान योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली। अंत में जिलाधीश के द्वारा जिला चिकित्सालय बेमेतरा एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय बेमेतरा में दी जाने वाली सुविधाओं, साफ सफाई और पार्किंग व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जताया। भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु मरीजों को दिए जाने वाली सेवाओं में किस तरह से वृद्धि के बारे में प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, शेष पेज 10 पर



हरिभूमि **पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस संचार विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त हुए विकास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने विकास तिवारी को छग कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग का वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त किया है। श्री तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मीडिया कार्यों के संपादन की भी जिम्मेदारी दी गई है। श्री तिवारी वर्तमान में राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के प्रदेश प्रतिनिधि हैं। श्री तिवारी लंबे समय तक मीडिया विभाग में प्रवक्ता और प्रदेश सचिव भी रहे हैं।

### राज्य उपभोक्ता आयोग के कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष शर्मा, हरिशचंद दीपक, अफरोज खान, केशव शर्मा, राजकिशोर सिंह, प्रतीक तिवारी, राकेश त्रिपाठी समेत प्रदेश के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायकों पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह पर अतिथि के लिए आमंत्रित किया। इसकी सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोलेश तिवारी, महासचिव राकेश दुबे, शिव शर्मा, आशुतोष दुबे सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### चावल उपार्जन के लिए नान लेगा पांच हजार करोड़ का ऋण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले चावल के उपार्जन एवं अन्य अनुषांगिक जिंस की खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड पांच हजार करोड़ रुपयों की साख सीमा (ऋण) लेगा। इस संबंध में कार्पोरेशन ने टेंडर जारी किया है। बताया गया है कि कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए गठित की गई ।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ने लगी मानसिक समस्या की शिकायतें, पीएचसी स्तर पर हो रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कारणों से अब शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मानसिक समस्या की शिकायत बढ़ने लगी है। पूर्व में जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इसकी काउंसिलिंग और उपचार की सुविधा दी जाती थी, जिसका स्तर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कर दिया गया है। बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ मरीजों की स्क्रीनिंग और समस्या होने पर इलाज के साथ दवा भी दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसिक समस्या की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसकी वजह कई प्रकार की हो सकती है, जिसमें शारीरिक, पारिवारिक अथवा नशे की लत भी शामिल हो सकती है। पहले यह समस्या शहरी इलाकों में अधिक थी, मगर मानसिक तनाव की समस्या से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भी घिरने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब मानसिक स्वास्थ्य पर स्क्रीनिंग, काउंसिलिंग और इलाज की व्यवस्था प्राथमिक स्तर पर भी देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निमहंस बेंगलुरु की मदद से मनोचिकित्सक तथा सामुदायिक और प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्राथमिक स्तर पर काउंसिलिंग और उपचार करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के मुतबिक रायपुर जिले के सामुदायिक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सप्ताह में अलग-अलग दिन के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है।

## बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ कर रहे मरीजों की काउंसिलिंग, दे रहे दवा

### अधूरी रह गई जमीन की तलाश

राजधानी में मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए अलग से अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर-निगम और जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए कुछ शासकीय अस्पतालों की रिक्त भूमि का भी अवलोकन किया गया था। इसी बीच राजधानी में बड़े अफसरों की जिम्मेदारी का फेरबदल हुआ और योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में राजधानी में मानसिक समस्या से संबंधित शिकायतें तो बढ़ रही हैं, मगर इसके उपचार के लिए पृथक से व्यवस्था नहीं हो पाई है।



### जिला अस्पताल में बेड की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक पहले जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में आने वाले मरीजों का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय पहले स्पर्श क्लीनिक का संचालन जिला अस्पताल के मुख्य भवन में शुरू किया गया और वहां आने वाले मानसिक तनाव के मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करने दस बेड की व्यवस्था भी कई गई। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज करने वाले चिकित्सकों को समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान गेट का दरवाजा खोला

# साढ़े चार साल बाद खुला बूढ़ा तालाब बायपास रोड, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब से विवेकानंद सरोवर जाने वाले बायपास रोड को करीब साढ़े चार साल बाद खोल दिया गया। इस मार्ग को नगर निगम ने चौपाटी खोलने के लिए बंद कर रखा था। इसके कारण बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डंगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाली दानी गर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खोले जाने से छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अब लंबा सफर तय कर कालीबाड़ी से घूमकर जाना नहीं पड़ेगा। बायपास रोड से छात्राएं कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच पाएंगी। स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दानी गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दानी स्कूल के बच्चों से किया वादा भी पूरा किया। श्री अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब से स्वामी विवेकानंद सरोवर की तरफ जाने वाले बायपास रास्ते को फिर से चालू किया। उन्होंने पिछले करीब साढ़े चार साल से बंद इस बायपास रास्ते की बाधा को दूर किया और अपने हाथों से गेट का ताला खोला। दानी स्कूल की छात्राएं काफी समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते की मांग कर रही थीं। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया। इस दौरान बच्चों ने जय-जयश्री राम के जमकर नारे भी लगाए।

### रविवार तक शेष बाधा भी कर दी जाएगी दूर

दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे गेट का दरवाजा छात्राओं के लिए खोल दिया है, लेकिन इस मार्ग पर अभी भी काम चल रहा है। इस मार्ग पर दीवार खड़ी करने से लेकर चौपाटी के लिए जो निर्माण कार्य किए गए थे, उन्हें हटाने का काम अभी भी जारी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में काम खत्म हो जाएगा। संभवतः सोमवार से इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

# दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या, तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को आजीवन कारावास तथा डेढ़-डेढ़ हजार रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को अतिरिक्त दो-दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिरेंद्र सिंह टेकाम एट्रोसिटीज की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक सांई किरण की हत्या के आरोप में कोर्ट ने रूद्र कुमार साहू उर्फ राहुल, योगेश भारती उर्फ सोनू चौहान तथा भूषण निषाद को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक बदमाशों ने 22 फरवरी 2020 को सांई किरण की चाकू से हमला कर हत्या की थी। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल सांई किरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।



### गाड़ी ठीक से चलाने कहने पर चाकू मारा

मृतक के दोस्त तथा घटना के प्रत्यक्षदर्शी आयुश सिंह ने कोर्ट को बताया कि घटना दिनांक को वह सांई किरण के साथ उसकी दोपहिया पर सवार होकर निकला था। बाइक में सवार तीनों बदमाश रास्ते में कट मारते हुए निकले, तब आयुश ने उन्हें ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बदमाशों ने आयुश तथा उसके एक अन्य साथी पर हमला किया, तब आयुश ने एक मोची की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाशों ने सेलून में बाल कटा रहे सांई किरण की कमर में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल किया और मौके से फरार हो गए।

### *अवंती विहार मार्ग को अटल मार्ग घोषित करने की मांग*

*रायपुर। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं महामंत्री किशोरचंद नायक ने बताया की राजधानी रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की एकमात्र प्रतिमा अवंती विहार अटल चौक (एटीएम चौक) में व्यापारी संघ की ओर से स्थापित की गई है। श्री राठी ने कहा की अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है, जिसके कारण आज हम अपने घर–दुकान–कार्यालय के पते पर अंत में /"छत्तीसगढ़/" लिख रहे हैं। उन्होंने ने कहा की अवंती विहार मुख्य मार्ग का नामकरण अटल मार्ग करने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अटलजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।*

# पुलिसकर्मियों को नए कानून का पाठ पढ़ाने आईजी, एसएसपी की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाठशाला में पढ़ाने पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी के कानून के प्रध्यापक पहुंचे
- पाठशाला में पढ़ने 38 पुलिस अफसर पहुंचे

अंग्रेजों के समय से चले आ रहे डेढ़ सौ साल पुराने कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। नए अपराधिक कानून को लेकर शुक्रवार को पुलिस अफसरों के साथ विवेचकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचक, मददगार, टीआई सहित 38 पुलिस अफसर शामिल हुए। नए कानून की जानकारी देने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कानून के प्रध्यापक भी पहुंचे। नए कानून संबंधित जानकारी देने कार्यशाला में रेंज आईजी आरएल डांगी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ. वेणुधर रावतिया पहुंचे थे। पुलिस अफसर तथा प्रध्यापक ने पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सवालों का जवाब दिए। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत मामले की जांच करने तथा अपराध संबंधित धारा को लेकर किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भारतीय अपराध कानून में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में पुलिस अफसर, टीआई तथा पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

### गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति देश की धरोहर




**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आरआर बाघ राजधानी पहुंचे, जिनका रायपुर के वकीलों ने स्टेशन रोड में उनका स्वागत किया। श्री बाघ, गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति को एक नई पहचान दिलाने के लिए ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में गांड़ा महोत्सव के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। श्री बाघ ने कहा कि गांड़ा समाज की संस्कृति देश की धरोहर है, जिसे एक नई पहचान दिलाने के लिए हम गांड़ा महोत्सव का आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। अधिवक्ता बाघ के स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, बिमला तांडी, आनंद मुगरी, पारस नायक आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम की 43 पानी टंकियों की दीवारों की होगी सफाई, डीडीनगर टंकी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केमिकल स्प्रे से सफाई, वाल्व को किया साफ

नगर निगम का जल विभाग शहर में स्थित अपनी 43 पानी टंकियों की विशेष सफाई के लिए सफाई अभियान चला रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को डीडी नगर स्थित पानी टंकी से हुई। 3200 किलोलीटर क्षमता वाली इस पानी टंकी की दीवारों की सफाई करवा कर उसकी दीवारों को केमिकल से कीटाणु मुक्त करने केमिकल स्प्रे कराया गया। इसके साथ ही टंकी की तली में जमी गाद को निकालने काम किया गया। राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने नगर निगम क्षेत्र की पानी टंकियों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है। जोन 5 के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर पानी टंकी को साफ कराने मजदूरों की टीम उतारी गई। पानी टंकी की दीवारों को केमिकल से कीटाणुमुक्त करने वाल्व की कैमिकली स्प्रे से सफाई कराई। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, 1 दिन में एक पानी टंकी की सफाई पानी टंकी की तलछटी में जमी गाद को साफ करके सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति की जाएगी। 43 पानी टंकियों को साफ करने 15 फरवरी तक का समय अनुबंधित एजेंसी को दिया गया है।



# ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक का फर्जी सील-हस्ताक्षर कर फर्म को 12 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन-1 आयुक्त की जांच रिपोर्ट में खुलासा

नगर निगम मुख्यालय की ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक के नाम का फर्जी सील व हस्ताक्षर कर मेसर्स जेबी कंस्ट्रक्शन कंपनी को 12 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। यह मामला वर्ष 2022 का है। इस मामले में वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। जोन कमिश्नर ने इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश कर दी है, जिसमें ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है कि जोन कार्यालय से कंपनी को राशि भुगतान करने संबंधी कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है, जबकि राशि का भुगतान निगम मुख्यालय से किया गया है, इसलिए जो भी गड़बड़ी हुई है ऑडिट शाखा में ही हुई है।

नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2022 में जोन-1 अंतर्गत ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत विनायक विहार से अंजली विहार, कल्प विहार तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी थी। इस निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स जेबी कंस्ट्रशन रायपुर को दिया गया था। इस फर्म के प्रोप्राइटर अशोक उईके हैं। इस फर्म को सुरक्षा निधि की राशि का भुगतान किए जाने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 12 लाख रुपए राशि का भुगतान भी कर दिया गया। इस राशि के भुगतान करने के बाद पता चला कि ऑडिट रिपोर्ट में जिस लेखा परीक्षक के नाम की सील व साइन है, वह फर्जी है। लेखा परीक्षक के अनुसार पहले व अंतिम बिल के ऑडिट का कोई रिकॉर्ड सीए फर्म के पास उपलब्ध ही नहीं है। इसके अलावा ऑडिट कार्य के उल्लेखित तिथि का डिस्पैच रजिस्ट्रर में कोई एंट्री भी नहीं है।

नगर निगम के वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में स्वीकृत निर्माण कार्य हुए हैं या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट मांगी गई थी।

### ऑडिट शाखा में हुई गड़बड़ी

स्वीकृत कार्यों के निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। जोन कार्यालय में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, क्योंकि राशि भुगतान को लेकर जोन कार्यालय से कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है। ऑडिट शाखा में किसी ने गड़बड़ी की है।

**- एनआर चंद्राकर**
कमिश्नर जोन-1

## पेज 7 के शेष...

### धान खरीदी और...

का दो बार अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन होना चाहिए। श्री जैन ने कहा है कि समिति स्तर से धान का उठाव किया जाना है, उसके लिए भी प्रतिदिन धान के उठाव संबंधी कार्य योजना बनाकर मिलर्स की बैठक आयोजित करके मिलिंग क्षमता के अनुसार मिलिंग का कार्य सुनिश्चित किया जाए। **रकबा समर्पण की प्रक्रिया जल्द पूरी कराएं-** मुख्य सचिव ने ज़िले के कलेक्टर रणबीर शर्मा से बात कर धान उठाव में और तेज़ी लाने कहा । उन्होंने केंद्र मे बारदाने की उपलब्धता, मिलिंग एफ़सीआई मे चावल जमा आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रकबा समर्पण करने वाले किसानों की जानकारी खरीदी केंद्रवार तैयार करने के साथ ही ऐसे पंजीकृत किसान जिन्होंने धान की फसल नहीं ली है, उनसे जल्द से जल्द रकबा का समर्पण कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

### सत्ता परिवर्तन के...

उन्हें लोगों की लगातार शिकायतें मिल रही है कि हमारे गांव में अवैध जुआ,सट्टा और शराब संचालित हो रहा है। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू जहां भी आमसभा को संबोधित कर रहे हैं उसी मंच से प्रशासन को सीधा निर्देश अवैध कारोबार को बंद करने का दे रहे हैं। **एक पर हुई कार्रवाई-** जानकारी के अनुसार क्षेत्र में सट्टा खिला एक सटोरिए पर पुलिस ने कार्रवाई की है। सट्टा खाईवाल के ऊपर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेजा था। बताया जा रहा है कि इसके अलावा भी और खाईवाल सक्रिय हैं, जिन पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। **कार्रवाई की जाएगी-** नए थाना प्रभारी की नियुक्ति की गई है। ऐसी अगर कोई भी शिकायत है तो समाधान नंबर पर कॉल कर सूचित करें। सभी खाईवालों पर सख्त कार्रवाई की निर्देश दिए गए है। अभी एक पर हुई है बाकी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**-भावना गुप्ता,** पुलिस अधीक्षक , बेमेतरा

### शोभायात्रा का विधायक...

कबीरपंथी शामिल हुए। फूलों से सजे ट्रैक्टर ट्राली में गुरु गोसाई सवार हुए। जहां शोभायात्रा में शामिल हजारों कबीर पंथियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए, मेला स्थल ग्राम लोलेसरा पहुंचे। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक श्री साहू ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोलेसरा में कबीरपंथियों का सबसे बड़ा आयोजन क्षेत्र के लिए उपलब्धि है। इस संत समागम मेले में हर साल देश-विदेश से हजारों कबीरपंथी व संत पहुंचते हैं। हर साल मेले के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य और सेवादारों का परिश्रम शामिल है। स्वागत के दौरान पूर्व विधायक अवधेश चंदेल पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिंह विकास तंबोली राकेश मोहन शर्मा मोंटी साहू संतोष वर्मा युगल देवांगन ओंकार साहू निखिल साहू समित सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

### सार्वजनिक जगह...

(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक छत्रपाल डहरिया एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

### प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव...

आयोजित किया जाना है। उन्होंने आयोजन की रूप रेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव श्री जैन कहा कि संस्कृति एवं राजभाषा के साथ पंजीकृत क्रियाशील मानस मंडलियाँ हैं । राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडलियों को 5000 रुपए राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय अनुरूप जिलेवार मानस मंडलियों की सूची एवं तदानुसार धनराशि का आवंटन संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा सीधे प्रत्येक कलेक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि सुनिश्चित करें कि उक्त राशि का मानस मंडलियों के बीच वितरण तत्काल किया जाए। 22 जनवरी को राज्यभर के भव्य आयोजनों में इन मानस मंडलियों को पूरे उत्सुकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित करने कहा। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर में कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जाए। मंदिर प्रांगण में क्षेत्र की 5 मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक जिला मुख्यालय में कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में आयोजित किए जाएं। बैठक में राज्यभर के संभागायुक्त और कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

### मरीजों को सभी...

डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल सलाहकार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री शर्मा ने मातृ एवं शिशु से संबंधित सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा एनआरसी के बेड को जो कि वर्तमान में 10 बिस्तरीय है उसे 25 बिस्तरीय करने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिससे कि कुपोषित बच्चों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सके ।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां की गई शुरू

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन आचार्य पंथ श्री ग्रन्थमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर कालेज मैदान में होगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आजादी का पर्व मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों में संचालित जनकल्याण तथा लोकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली जाएगी।

### निः शुल्क नेत्र जांच व निदान शिविर 19 को

**कवर्धा।** भारतीय जैन संघटना संस्था द्वारा शहर में निशुल्क नेत्र जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के जिला अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन ने बताया कि 19 जनवरी को संस्था की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एमजीएम के विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। साथ ही चिंहित मरीजों का रायपुर में निशुल्क इलाज किया जाएगा। शिविर का आयोजन 19 जनवरी की सुबह 11 से 04 बजे तक होगा। महावीर स्वामी चौक स्थित स्थानक भवन में जांच की जाएगी।

### ग्राम विकास के लिए निर्माण कार्यों की घोषणा

**कवर्धा।** क्षेत्रीय विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों की घोषणा की है। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम धरमपुरा में शिशु मंदिर भवन के बाउंड्रीवॉल के लिए 2 लाख रुपए, नट समाज के सामुदायिक भवन 4 लाख रुपए, धान खरीदी स्थल में तार फेंसिंग 2 लाख रुपए, सीसी सड़क के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की। किसानों की मांग पर धरमपुरा में पटवारी भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव और प्राथमिक स्कूल में एक शिक्षक की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से जिले के दो श्रमिक कर्नाटक से सकुशल घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों और उनके सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले दो ग्रामीण श्रमिक युवक शशिकांत यादव और गंगाप्रसाद परस्ते को जिला प्रशासन की टीम ने कर्नाटक के धारवाड़ से सुरक्षित और सहकुशल वापस लाने में सफलता हांसिल की है।

इन दोनों ग्रामीण युवक के माता-पिता तथा उनके परिजनों ने अपने बेटे की गांव वापसी के लिए उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री शर्मा से मदद मांगी थी। उपमुख्यमंत्री ने पूरी संवेदनशीलता से पूरे मामले को संज्ञान में लिया था और कबीरधाम जिले के इन दिनों श्रमिको की सकुशल वापसी के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे से चर्चा कर कर्नाटक टीम भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर इन दोनों श्रमिको के लोकेशन की जानकारी लेने के लिए जिला साइबर सेल की मदद ली। श्रमिको की ठहरने की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक, श्रम विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बना कर कर्नाटक के लिए रवाना हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि कबीरधाम जिले के शशिकांत यादव पिता महापति यादव और गंगाप्रसाद परस्ते पिता मातवर परस्ते निवासी ग्राम बांकी ग्राम पंचायत केसमर्दा थाना तरेगांव विकासखण्ड बोड़ला के रहने वाले है। दोनों श्रमिकों और उनके अभिभावकों ने बताया था कि ये दोनों कर्नाटक कमाने खाने गए थे वहां पर वे किसी कम्पनी में गन्ना कटाई का काम करते थे। उनको वहां से कहीं भी आने-जाने नहीं दिया जा रहा था। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के निर्देश पर त्वरित निर्णय लेते हुए श्रम पदाधिकारी कवर्धा एवं धारवाड़ कर्नाटक राज्य के प्रशासन एवं श्रम विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित कर तत्काल उक्त दोनों श्रमिकों को मुक्त करवाने के लिए टीम गठित की गई। कबीरधाम जिले से गठित टीम 8 जनवरी को कवर्धा से कर्नाटक के लिए रवाना किया गया था।

दोनों श्रमिकों को 12 जनवरी को देर शाम कवर्धा लाया गया। कबीरधाम लौटने पर श्रमिको ने बताया कि गांव के एक युवक ने इन दोनों युवक को अच्छा काम दिलाने का ख्वाब देकर नागपुर के गए और वहां से धोखे से कर्नाटक ले गए, कर्नाटक के धारवाड़ में गन्ना कटाई का काम कराते थे। खेतों में बने झोपड़ी में ठहराए, मजदूरी भी कम मिलती थी।



### डीएम ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री महोबे ने ग्रामीण युवकों को अच्छे काम दिलाने के बहाने, बहला-फुसलाकर बाहर ले जाने वाले एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला श्रम पदाधिकारी आरके प्रधान ने बताया कि दोनों श्रमिको की सकुशल वापसी के साथ ही श्रमिक को उनकी पारिश्रमिक 32 हजार रुपए नगद भुगतान भी कराया गया। दोनों श्रमिकों को उनके अभिभावक को सौंप दिया गया। श्रमिक एवं उनके अभिभावकों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन और कलेक्टर का आभार व्यक्त किया गया। उक्त टीम में गौरव महोबिया, श्रम निरीक्षक एवं सुनील सायतोडें, श्रम कल्याण निरीक्षक एवं रविन्द्र नेताम उपस्थित थे।

**दबिश:** कार्रवाई के दौरान आपत्तिजनक हालत में मिले कई जोड़े

# नपा कांग्रेस पार्षद के लॉज में रंगरलियां, पुलिस ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कांग्रेस शासनकाल के दौरान जिला मुख्यालय कवर्धा के भीतर किस ढंग से कांग्रेस पार्टी से जुड़े लोग अवैध और गैर कानूनी कृत्यों को अंजाम दे रहे थे अब इसका बड़ा खुलासा भाजपा के सत्ता में आते ही होने लगा है।

ताजा मामला एक और कांग्रेसी पार्षद से जुड़ा है। बताया जाता है कि कवर्धा नगर पालिका के एक कांग्रेस समर्पित पार्षद द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित लालपुर रोड़ में संचालित की जा रही दक्ष पैलेस में शनिवार को कवर्धा कोतवाली पुलिस की टीम ने दबिस देकर बड़ी संख्या में युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा है।

बताया जाता है कि इस पैलेस में लम्बे समय कुछ गलत होने की शिकायतें सामने आ रही थी। लेकिन तात्कालिक कांग्रेस शासनकाल के दौरान इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और सब कुछ मनमाने ढंग से संचालित किया जाता रहा है। लेकिन अब सत्ता और सरकार बदल चुकी है और कवर्धा के नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा ने, न सिर्फ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पद का बल्कि प्रदेश के गृह विभाग का भी पद भार संभाल लिया है। ऐसे में अगर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री के गृह नगर में इस तरह के अवैध कृत्यों का संचालन हो रहा है तो निश्चित रूप से यह बर्दास्त करने योग्य नहीं है। संभवतः यही वजह है कि पुलिस प्रशासन ने इस पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक्शन लिया है। हालांकि पुलिस ने दक्ष पैलेस से जिन युवक-युवतियों को आपत्तिजन हालत में पड़ा है उनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है बल्कि उन्हें समझाईश देकर छोड़ दिया गया है। वहीं खबर है कि लॉज संचालक कांग्रेसी पार्षद से पुलिस पूछताछ कर रही है। देखने वाली बात होगी कि पुलिस आरोपी कांग्रेसी पार्षद के विरूद्ध क्या और कब तक कार्यवाही करती है।

### पूर्व में भी एक कांग्रेसी पार्षद के मून लाईट बार पर हो चुकी है कार्रवाई




यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व भी अभी कुछ दिन पहले ही प्रशासन द्वारा कवर्धा नगर पालिका के एक और कांग्रेसी पार्षद द्वारा कवर्धा नगर के मिनीमाता चौक में संचालित किए जा रहे मून लाईट क्लब पर कार्यवाही की जा चुकी है। प्रशासन का कहना है कि यह मून लाईट क्लब अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था और इसकी आड़ में यहा बार चल रहा था। प्रशासन ने तमाम जांच पड़ताल के बाद इस मून लाईट क्लब का लायसेंस रद्द कर दिया है और आगे की कार्यवाही व जांच जारी है।

# पंद्रह लीटर अवैध मुहआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुकदुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बिक्री की जुगत भिड़ा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के कब्जे से कुल 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब एवं शराब विक्री से प्राप्त रकम 200 रूपए कुल जुमला किमती 1700 रूपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 32(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम नेऊर के गिजरा नदी किनारे एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने कब्जे में कच्ची महुआ शराब रखकर शराब खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस सूचना के आधार पर थाना कुकदुर पुलिस ने तत्काल सतर्कता पूर्वक मुखवीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंद कर आरोपी हरीश मुराली पिता स्व. रामखिलाय मुराली आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम नेऊर को दबोच लिया और उसके कब्जे से सफेद मटमेले रंग के प्लास्टिक जैरिकेन में कुल 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब एवं शराब बिक्री की रकम को जप्त कर लिया।

इस कार्यवाही में कुकदुर थाना प्रभारी निरीक्षक सावन कुमार सारथी, सहायक उप निरीक्षक दीपक शर्मा, प्रधान आरक्षक ओंकार सिंह, आरक्षक प्रवीण समानिकपुरी, आरक्षक रम्दी राम, आरक्षक संदीप पाण्डेय एवं सहायक आरक्षक शिवचरण यादव ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

# राज्यपाल ने जिले के स्काउट गाइड रोवर रेंजर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा राजभवन के दरबार हाल में गत दिनो राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राज्यपाल महामहिम विश्व भूषण हरिचंदन, बृजमोहन अग्रवाल स्कूल शिक्षा मंत्री एवं पदेन अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, राज्य कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्य सचिव कैलाश सोनी उपस्थित थे। राज्य पुरस्कार जांच शिविर वर्ष-2022-23 में सफल स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर को राज्यपाल महोदय द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें कबीरधाम जिले से रोवर लीडर विजय कुमार साहू के नेतृत्व में 32 गाइड, 19 स्काउट, 05 रोवर शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्काउट-गाइड का मुख्य उद्देश्य देश की सेवा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा आवाज विकसित भारत 2047 नामक एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान को सफल बनाने में आप लोगों की महती भूमिका है। आप आगे बढ़े और देश व समाज को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करें।

### स्वामी करपात्री विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया युवा दिवस




**कवर्धा।** जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अशोका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य लोकनाथ देवांगन उपस्थित थे। जिन्होने अपने उद्बोधन और अपने वक्तव्य से स्वामी विवेकानंद के उच्च आदर्श को परिलक्षित किया। उन्होने कहा कि अपने विचारों से लोगों की सोच बदलने वाले स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इसी तारतम्य में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानन्द की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के व्याख्याता बीआर लहरे, श्रीमती सरिता चंद्रवंशी, प्रीति गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू ने किया।

# संकुल प्राचार्य ने लिया शिक्षकों की बैठक समीक्षा पश्चात बेहतर कार्य करने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल छिरहा में संकुल के समस्त शिक्षकों की बैठक आयोजित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में संकुल प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने वर्तमान सत्र में आयोजित त्रैमासिक व अर्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर स्कूलों की समीक्षा पश्चात विद्यार्थियों में पठन कौशल व मूलभूत गणीतिय कौशल विकसित करने के लिए शिक्षकों व बच्चों की नियमित उपस्थिति सहित समय-सारणी अनुसार अध्यापन करने का निर्देश दिया है। कमजोर विद्यार्थियों को अंतिम कालखंड में विशेष मार्गदर्शन देने के साथ ही होशियार विद्यार्थियों को भी अतिरिक्त समय प्रदान करें। इसके साथ ही स्कूलों में साफ-सफाई रखने, पाहड़ा का नियमित अभ्यास कराने, डेली डायरी व पाठ्यक्रम रजिस्टर अद्यतन रखने, यूडाइस में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की एंट्री करने, बालवाड़ी का व्यवस्थित संचालन, चर्चा पत्र का नियमित अध्ययन करने, नवोदय प्रवेश परीक्षा में सभी विद्यार्थियों को शामिल कराने, पाठ्येत्तर गतिविधियों के आयोजन हेतु शनिवार को निर्धारित समय का सदुपयोग करने, प्रार्थना के समय सुविचार व स्वच्छता चेक करने, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की निगरानी, प्रत्येक माह स्टाफ मीटिंग करने, सतत पालक संपर्क, मुस्कान पुस्तकालय के पुस्तकों को बच्चों के पहुच में रखने, नैतिक शिक्षा व महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन करने, पर्याप्त शिक्षक होने पर भी प्रधान पाठकों को न्यूनतम दो कालखंड अध्यापन करने, विद्यार्थियों की सुरक्षा पर ध्यान देने, शाला अनुदान की राशि को स्कूल की आवश्यकतानुसार प्राथमिकता तय कर एसएमसी से अनुमोदन पश्चात व्यय करने, आगामी सत्र में स्कूलों में दर्ज संख्या बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार करने, एफएलएन की प्राप्ति सहित कई अन्य विषयों पर शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। संकुल समन्वयक मुरीत खरे ने अकादमिक कार्यों पर प्रकाश डाला। शिक्षकों से समस्या व सुझाव आमंत्रित कर निराकरण किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संकुल प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, समन्वयक मुरीत खरे, अनुज चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, सुषमा शाहा, लाला गुप्ता, मूलचंद धुर्वे, रामेश्वरी राजपूत, श्रीधर शर्मा, बलवंत ठाकुर, भूपेन्द्र चन्द्रवंशी, चंद्रप्रभावती ठाकुर, सुलोचना राजपूत, अंकिता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण के लिए दिव्यांग बच्चो का दल को झंडा दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुशार एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा अन्तर्गत समावेशी शिक्षा के तहत जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रायपुर के पुरखोती मुक्तांगना, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, विवेकानंद एयरपोर्ट दिखाने के लिए प्रदेश की राजधानी रायपुर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव, एपीसी राकेश कुमार चंद्रवंशी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण की योजना को फलीभूत करते हुए विकासखंड पंडरिया, बोडला, कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा के दिव्यांग बच्चों को चारों विकासखंड के बीआरपी समावेशी शिक्षा की सहायता से रायपुर के विभिन्न दार्शनिक स्थलों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एवं समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।

इन बच्चों को समाज में अपने निवास से ज्यादा बाहर घूमने का अवसर नही मिलता है। वही समावेशी शिक्षा के माध्यम से इन दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा के माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। भ्रमण कार्यक्रम में विनोद गोस्वामी बीआरपी पंडरिया, गायत्री साहू बोडला, नरेश सोनी, रेशमा सिंग, सहसपुल लोहारा होमेबाई साहू व कवर्धा के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### 22 को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय हिन्दू संगठन, दल्लीराजहरा के सदस्यों ने 22 जनवरी को राम राज्याभिषेक दिवस के रूप में राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम पर अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय हिन्दू संगठन, दल्ली राजहरा के सश शैलेंद्र ठाकुर, किशोर कुमार जैन, विकास प्रसाद गुप्ता सचिव, रामप्रताप यादव सह-सचिव के साथ-साथ अजय कुमार, कृष्णा जायसवाल, नरेंद्र सिंह, सुनील नायर, संजय सोनी, वासुदेव राव व दुर्गेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भारत ही नहीं वरन विश्व में ऐसा वातावरण हो गया है, मानो हम त्रेता युग में प्रवेश कर रहे हैं। इससे समस्त सनातन हिन्दूओं की आस्था जुड़ी हुई है। इसलिए 22 जनवरी को राम राज्याभिषेक दिवस के रूप में राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए, ताकि हर वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक अवसर को सपरिवार उत्साहपूर्ण वातावरण में मना सकें।

### परसदा से सिरसिदा तक सड़क का किया गया डामरीकरण



**अंडा।** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसदा से सिरसिदा मोड़ तक लगभग पौने दो किमी सड़क का डामरीकरण किया गया। 26 लाख 39 हजार रूपए की लागत से डामरीकरण किए जाने से लोगों को गड्ढों के कारण होने वाली परेशानियों से राहत मिली है। इसके साथ ही दिनभर उड़ने वाली धूल तथा बरसात में कीचड़ से बचाव होगा। सब इंजीनियर आनंद शर्मा और सुपरवाइजर वासु साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना विभाग द्वारा ग्राम पसरदा से सिरसिदा से मोड़ तक सड़क निर्माण में डामरीकरण किया गया है।

### बेलौदी स्कूल के विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली



**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन युवा दिवस के रूप में मनाया गया। व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इस अवसर पर शाला के तम्बाकू नशामुक्ति प्रभारी व्याख्याता कैलाश कुमार साहू ने शाला के सभी छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई।

### युवा दिवस पर जयकिशन ने किया रक्तदान

**दल्लीराजहरा।** युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री जय किशन ने पहली बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हमारे भारत में स्वामी विवेकानंद का जन्म होना भारतवासियों तथा युवाओं के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है।

### मुड़पार में शिव महापुराण कथा जारी



**गुरूर।** ग्राम मुड़पार में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा भी शामिल हुईं।

---

**कार्यक्रम : पीएम मोदी के युवाओं के नाम संदेश से लाइव जुड़े जिले के युवा**

# समय एक बार हर किसी को जीवन में सुनहरा अवसर जरूर प्रदान करता है : प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर महाराष्ट्र राज्य के नासिक शहर में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संबोधन को बालोद जिले के युवाओं ने भी वर्चुअली सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समय हर किसी को उनके जीवन का सुनहरा अवसर जरूर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं का प्रत्येक क्षेत्रों में बहुमूल्य भागीदारी एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारे युवाओं के पास इतिहास बनाने का सुनहरा अवसर है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, केसी पवार, जिला पंचायत सदस्य संध्या भारद्वाज, राकेश बाफना, पालक ठाकुर, शरद ठाकुर एवं तोमन साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में युवा–युवती उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं के योगदान तथा युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं एक सशक्त और बेहतर भारत के निर्माण हेतु युवाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और नई ऊंचाई पर ले जाने हेतु अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।





### विवेकानंद जयंती मनी युवा दिवस के रूप में

**बालोद/कलंगपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के छात्र–छात्राओं ने शुक्रवार को रैली निकाली। गली भ्रमण करते हुए बस स्टैंड व बाजार स्थल पहुंचे जहां नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया।




# गर्व के साथ जीने के लिए संस्कार व संगत स्वामी विवेकानंद की तरह हों

**जामगांव आर।** स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक जामगांव आर डा. हेडगेवार सदन में आयोजित हुआ। आशीर्वाद प्रदाता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुर्ग जिला संघ चालक गंगाधर थे। अध्यक्षता साहू समाज परिक्षेत्रीय पूर्वअध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया। विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे थे।

प्रारंभ में नगर भ्रमण के लिए विद्यार्थियों ने गगनभेदी नारों के साथ भव्य जुलूस निकाल कर स्वामी विवेकानंद के विचारों को जनमानस तक पहुंचाए। समारोह में दिसंबर 2023 में विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिभा खोज स्पर्धा के 288 विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। विवेकानंद की वेशभूषा में बच्चे मंचासीन रहे। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जीवन को गर्व के साथ जीने के लिए संस्कार और संगत स्वामी विवेकानंद की तरह होना चाहिए। जहा अच्छी संगत होती है, वहां सोच भी सकारात्मक गति से आगे बढ़ती है। जो समय के साथ व्यक्ति को गौरांवित करते रहती है।





**चरित्रहीन व्यक्ति का जीवन होता है कलंकित** - आशीर्वाद प्रदाता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग जिला संघ चालक गंगाधर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने व्यक्ति को चरित्रवान बनकर देश की सेवा करने का संदेश दिया। जिसका पालन करने से स्वयं और देश, परिवार, समाज का भला होगा। चरित्रहीन व्यक्ति कलंकित जीवन जीता है, वह गलतफहमी में खुश रहता है कि उसके दुष्चरित्र की जानकारी किसी को नहीं है, जबकि होता यह है उसके दुष्चरित्र की जानकारी समाज में बहुतायत को होती है। संघ चालक ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर बाल्यकाल से ही बच्चों में संस्कार का बीजारोपण कर चरित्रवान नागरिक तैयार करने में महती भूमिका नेकी कर दरिया में डाल कहावत को चरितार्थ करते हुए निभा रही है। विद्यालय के बच्चे डाक्टर, इंजीनियर, सीए, एमबीए, सैनिक सहित विभिन्न क्षेत्रे में देश की बखूबी सेवा कर रहे है। समाज और माता पिता गौरांवित हो रहें है।



**बच्चों को समाज का रोल माडल बनाने का प्रयास करें-** समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को रोल माडल मानकर बच्चों में संस्कार का बीजारोपण करें। माता पिता संतान की संगति का ध्यान रखे, रामहंस परमहंस जैसा संगत मिला तो बालक नरेंद्र इतिहास के पन्नों में स्वामी विवेकानंद बनकर समाज को दिशा देने में रोल माडल है। आपका बच्चा भी रोल माडल बन सके ऐसी संगति का अवश्य ध्यान रखे।

**इनकी विशेष उपस्थिति रही-** कार्यक्रम मे उर्वशी साहू, सुमन बंछोर, पद्मनी श्रीवास्तव, रेणुका धरम गुड़ी, हेमलता मार्कण्डेय, डामीन सिन्हा, गूंजा चंद्राकर, मीना साहू, पूर्णिमा श्रीवास, पूजा मंडावी, भावना साहू, गोदावरी ठाकुर, ललिता बंजारे, अंजली मार्कण्डेय, गीता सिन्हा, वंदना, तिलेश्वरी, राधिका चंद्राकर, मीना चंद्राकर, मेनका चंद्राकर, हेमिन यादव, गेमेशवरी देवांगन, पूजा गोस्वामी, भुनिता गोस्वामी, ललित चंद्राकर, दीपक साहू, लकेशवर चंद्राकर सहित कुम्हली, करेला, सुरपा, भरर, जामगांव आर, घोरारी, रनचीराई, ओरी, भैसबोड, गब्दी के गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में आलबरस के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस के 52 छात्र-छात्राओं ने निकुम में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से अनेक विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किया। इनमें दिशांत देशमुख ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह थानेश्वर देशमुख ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, मीनाक्षी देशमुख गोला फेंक में प्रथम, हेमकुमारी गोला फेक में द्वितीय ,संजना डहरियालंबी कूद में प्रथम, तूणीर साहू लंबी कूद में द्वितीय रहे। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में विद्या पारकर प्रथम स्थान, त्रिशला यादव ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बालिका खो-खो टीम द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को जिला पंचायत सदस्य दुर्ग माया बेलचंदन, आशा देशमुख सरपंच आलबरस, संकुल प्राचार्य जेआर साहू, प्रधान पाठिका गुमिता साहू, संकुल समन्वयक निकुम संजय चंद्राकर, संकुल समन्वयक रुदा जनार्दन साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमलाल गायकवाड़, उपाध्यक्ष सरिता देशमुख, शिक्षक मोहिनी देशमुख, गीता कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, रेखा भारदीय, अश्वनी साहू एवं सफाई कर्मचारी वासुदेव चेलक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# पचेड़ा में लगा एनएसएस का विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर समीपस्थ ग्राम पचेड़ा में 6 से 12 जनवरी तक प्राचार्य अरुण कुमार वी. की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर के निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर के समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच हरेश्वरी कौडो थीं। विशेष अतिथियों में ग्राम की महिला सहायता समूह के सदस्य शामिल हुए। सभी ने ग्राम पचेड़ा में शिविर लगाने के लिए महाविद्यालय का आभार माना। समारोह में वरिष्ठ स्वयंसेवकों को उनके विशेष योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।





शिविर के उल्लेखनीय कार्यों में प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता रैली व परियोजना कार्य के अंतर्गत वृक्षारोपण, नारा लेखन, नाली की सफाई एवं सोखता निर्माण प्रमुख रहे। बौद्धिक परिचर्चा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने संबंधित विभाग के सम सामयिक योजनाओं से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को अवगत कराया गया। प्रतिदिन शाम को जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीण सर्वे व जागरूकता अभियान चलाया। द्वितीय दिवस में रासेयो एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।तृतीय व षष्ठम दिवस की संध्या में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके तहत इस वर्ष की थीम के अनुसार नशा मुक्त भारत के लिए युवा तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

■ **सोमवार को हुआ शिविर का समापन**

विभिन्न दिवसों में आयोजित बौद्धिक परिचर्चा में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एस. राम. सिन्हा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सी. एल. हिरवानी, डिकेंद्र सिंह वर्मा, स्पोर्ट्स शिक्षिका (थाई मार्शल आर्टिस्ट) टामिन साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डौंडी डीडी मडले, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रवीण गुप्ता, किशोर पटेल व यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के जिला संगठक चंद्रशेखर पवार ने अपने वक्तव्य और डेमो के माध्यम से स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए ग्राम सरपंच के साथ ही समस्त ग्रामवासियों व कार्यक्रम सहायक कीर्तन राम आर्या व पूरन लाल कुलदीप, कार्यक्रम सहायिका श अनुराधा ठाकुर, सभी वरिष्ठ एवं नवीन स्वयंसेवकों का सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

**सुविधाओं में बढ़ोतरी करने जिम्मेदारों को दिया निर्देश**

# परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मिले सुविधाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में स्थित जिला ग्रंथालय में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं यहां आने वाले पाठकों को अनुकूल परिवेश प्रदान करने हेतु जिला ग्रंथालय में जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल गुरूवार 11 जनवरी को जिला ग्रंथालय का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला ग्रंथालय में विद्यार्थियों को ऑनलाईन पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वाई–फाई की सुविधा एवं डिजीटल बोर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी एवं ग्रंथालय के प्रभारी से जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधा, ग्रंथालय के टाईम टेबल, पुस्तक आदि की समुचित उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

### जिला ग्रंथालय का किया औचक निरीक्षण



इस दौरान चन्द्रवाल ने जिला ग्रंथालय के प्रथम और द्वितीय तल में स्थित अध्ययन कक्ष में पहुँचकर वहाँ के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जिला ग्रंथालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे नवयुवकों से बातचीत कर जिला ग्रंथालय के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने कलेक्टर चन्द्रवाल राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा के तैयारियों के अलावा बैंकिंग, व्यापम, एससीसी, रेलवे आदि परीक्षाओं की तैयारी करने जानकारी दी। कलेक्टर ने उन सभी विद्यार्थियों से उनके निर्धारित लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली तथा पूरी ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने को कहा। चन्द्रवाल ने ग्रंथालय के प्रभारी से ग्रंथालय परिसर से साफ–सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिला ग्रंथालय में नीट आदि परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद में तहसील कार्यालय के समीप स्थित कला केंद्र का भी निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

